DNA डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट
शब्द शब्द संघर्ष
RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18

नासा शोध केंद्र में एसएमएस की पुस्तक का दो चैप्टर जुड़ा

लखनऊ। राष्ट्रीय स्नो एंव आइस डाटा सेंटर, नासा में प्रो. भरत राज सिंह वरिष्ठ पर्यावरणविद व महानिदेशक, स्कूल आफ मैनेजमेन्ट साइंसेस संब एकेटीयू विश्वविद्यालय लखनऊ की जलवायु परिवर्तन क्लाइमेट चेंज-2013 की पुस्तक जो क्रोशिया से प्रकाशित हुई थी के दो अध्यायों को विश्व के अनुसंधानकर्ताओं के अग्रिम शोध में उपयोग के लिए जोड़ा गया है। यह वही पुस्तक है जिसका अध्याय-3 का अंश संयुक्त राज्य अमेरिका में 9-12 के ग्रेड के छात्रो के पाठ्यक्रम 2014 में शामिल किया गया है तथा लिम्का बुक रिकार्ड 2015 में प्रकाशित कर डॉ. सिंह को सम्मानित किया गया। अब उसी पुस्तक के अध्याय 9 और 10 को नेशनल स्नो एंव आइस डाटा सेंटर नासा में सम्मिलत करना सम्मान की बात है।